**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 31.05.2025 को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 31.05.2025 को सायं 04:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में सम्बन्धित विभागों को निम्न निर्देश दिये गये–**

**जल जीवन मिशन**

- निर्देश दिये गये कि सचिव, भारत सरकार, के द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाये।
- निर्देश दिये गये कि योजना की प्रगति में की गयी रोड कटिंग को देखें कि कही रोड सही कराने में ज्यादा धनराशि का व्यय तो नहीं हो रहा है।
- निर्देश दिये गये कि योजना के अन्तर्गत निर्मित ओवरहेड टैंक के जल स्रोतों को सुदृढ़ किया जाये। इस हेतु जल स्रोत के आस–पास बह रहे स्वच्छ जल को रिचार्ज किया जाये।
- निर्देश दिये गये कि योजना के अन्तर्गत निर्मित सभी ओवरहेड टैंक तक मनरेगा से पंहुच मार्ग बनायें जायें।
- निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं को पूर्ण करने की समयावधि बढायी गयी है वह भी पोर्टल पर प्रदर्शित होनी चाहिए।
- निर्देश दिये गये कि पी.पी.टी. में यह स्पष्ट रहना चाहिए कि फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत कितनी परियोजनाएं सर्टिफाइड करनी थी और कितनी परियोजनाएं सर्टिफाइड हो गयी है ?
- निर्देश दिये गये कि प्रत्येक सप्ताह हर–घर जल सर्टिफिकेशन बढ़ना चाहिए। यह प्रगति पोर्टल पर भी फीड करायें।
- निर्देश दिये गये कि अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, समय–समय पर कार्यरत कम्पनियों के स्टोर रूम का भी निरीक्षण करें। यदि सामान की कमी पायी जाती है तो तत्काल कम्पनी को पत्र लिखा जाये।
- ओम इन्फ्रा कम्पनी को निर्देश दिये गये कि मैनपावर बढाते हुए अवशेष सभी छोटे–छोटे कार्यों को पूर्ण कर पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें।
- इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी को निर्देश दिये गये कि अवशेष छोटे–छोटे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कर प्रगति पोर्टल पर फीड कराते हुए हर–घर जल सर्टिफाइड कराना सुनिश्चित करें।
- आगामी पी.पी.टी. में भारत सरकार की साइट पर यह प्रदर्शित होना चाहिए कि जनपद इटावा में कितने ग्राम हर–घर जल सर्टिफाइड हो गये है।
- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देश दिये गये कि हर घर जल योजना में जनपद इटावा की रैंक पोर्टल पर क्या है ? आगामी बैठक में यह सूचना पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत हरिहरपुर, विकास खण्ड बसरेहर तथा ग्राम पंचायत जगमोहनपुर विकास खण्ड महेबा में बोरिंग हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से आगामी सप्ताह में सम्पर्क स्थापित कर भूमि की समस्या का निस्तारण करायें।

- निर्देश दिये गये कि पुरानी पेयजल योजनाओ की डी.पी.आर. बनाते समय यह ध्यान रखा जाये कि पुरानी योजना किन–किन कारणो से फेल हुयी थी। नई डी.पी.आर मे उन सभी कारको का निदान करते हुए नई डी.पी.आर. बनायी जाये। सभी डी.पी.आर. को अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एव अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवश्य देखा जाये।
- यह भी निर्देश दिये गये कि योजना मे सभी परिवारो का कवरेज शतप्रतिशत होना चाहिए।
- निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक मे जल निगम की पुरानी पेयजल योजनाओ की भी समीक्षा की जायेगी। इस हेतु आगामी बैठक मे 2–3 डी.पी.आर. का अवलोकन कराना सुनिश्चित करें।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।**

Digitally signed by
Ramesh Chandra
Date: 11-06-2025
14:51:41

जिला अर्थ एव सख्याधिकारी,
इटावा।

## ।। कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, इटावा।।

पत्रांक 135 /डीएसटीओ/विकास प्राथमिकता कार्यक्रम/बैठक कार्यवृत/2025–26 दिनांकः 11.06.25

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त सम्बन्धित अधिकरियो को अनुपालनार्थ प्रेषित।

जिला अर्थ एव सख्याधिकारी,
इटावा।